# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: 2025-26**

**कक्षा:-6** **विषय: हिंदी कहानी संचय** **पाठ:8 मैं झूठ नहीं बोलता**

**प्रश्न-1 राम के मामाजी जी क्या काम करते थे?**

**त्तर - राम के मामाजी पूजा पाठ का ढोंग करके जीविका चलते थे।**

**प्रश्न-2 पेशवा के दरबार में जब दक्षिणा के लिए मामाजी राम को लेकर गए तो उन्होंने राम को क्या बोलने के लिए कहा और क्यों ?**

**उत्तर - पेशवा के दरबार में जब दक्षिणा के लिए मामाजी राम को लेकर गए तो उन्होंने राम को झूठ बोलने के लिए कहा क्योंकि पेशवा विद्वानों का बहुत आदर करते थे और उन्हें दक्षिणा भी देते थे।**

**प्रश्न-3 मामाजी को दक्षिणा के रूप में भीख क्यों मिली ?**

**उत्तर - मामाजी को दक्षिणा के रूप में भीख इसलिए मिली क्योंकि उन्होंने झूठ बोला था।**

**प्रश्न-4 राम ने दक्षिणा क्यों लौटा दी ?**

**उत्तर - राम ने दक्षिणा इसलिए लौटा दी क्योंकि उसने झूठ बोलकर दक्षिणा प्राप्त की थी।**

**प्रश्न-5 मामाजी घर पहुँचकर अपनी बहन और राम पर क्यों बरस पड़े ?**

**उत्तर - मामाजी घर पहुँचकर अपनी बहन और राम पर इसलिए बरस पड़े क्योंकि राम के सच बोलने के कारण आती हुई दक्षिणा उसके हाथ से निकल गई थी ।**

**प्रश्न-6 राम की माँ को जब तक पता चला तो उन्होंने क्या कहा ?**

**उत्तर - राम की माँ को जब यह पता चला तो उन्होंने कहा कि मैं झूठ बोलकर पेट भरने बजाय सच बोलकर भूखी मरना कहीं अच्छा समझती हूँ।**

**प्रश्न-7 राम बड़ा होकर क्या बनना चाहता था और किस नाम से प्रसिद्ध हुआ ?**

**उत्तर - राम बड़ा होकर शास्त्री बनना चाहता था और वह मराठों के इतिहास में 'राम शास्त्री' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।**